हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

11 उठान तेज करने और किसानों को सुविधाएं सुनिश्चित करने के आदेश



12 डीएवी पुलिस स्कूल का शानदार परिणाम, यशराज रहा प्रथम



## हड़ताल और संसाधनों की कमी से दमकल विभाग की उखड़ी सांसें

# गेहूं का सीजन पीक पर, 141 में से सिर्फ 21 कर्मी ड्यूटी पर, कैसे बुझेगी आग

**फसल बचाने की बड़ी चुनौती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

गेहूं का सीजन पीक पर है। खेतों में बिजली की झूलती तारों से कहीं भी आगजनी की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन दमकल विभाग की अपनी सांसें ही उखड़ी हुई है। ऐसे में कैसे बुझेगी आग, यह सोचकर ही किसानों के साथ-साथ आम लोगों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खिंच जाती है। दमकल विभाग के हालात यह हैं कि जिले में विभाग के पास कच्चे-पक्के 141 कर्मचारी ही है जबकि विभाग को इस समय जिले में गाडि़यों की संख्या के हिसाब से 341 कर्मचारियों की जरूरत है। हालांकि जिले के 7 दमकल केन्द्रों में 201 पद की स्वीकृत है। इतना ही नहीं, अग्निशमक की गाड़ियों में पानी भरने के लिए फायर हाइड्रेंट भी पर्याप्त संख्या में नहीं है। इस बीच दमकल कर्मचारियों की हड़ताल कोढ में खाज का काम कर रही है। हड़ताल के चलते 141 में 120 कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे। ऐसे में सारा दारोमदार सिर्फ 21 कर्मचारियों पर ही टिका है। यानि कि अब कर्मचारियों की ड्यूटी 8 की बजाय दिन-रात लगातार जारी है। फतेहाबाद दमकल विभाग की बात करें तो यहां विभाग के पास जिले में आग को बुझाने 19 गाडि़यां है। फतेहाबाद में 6 गाडि़यां वर्किंग में है। ऐसे ही भट्टू में 2, भूना में 1, रतिया में 3, धारसूल में 2 व टोहाना में दमकल विभाग के पास 4 गाडि़यां है। जाखल में 1 गाड़ी लंबे समय से खराब है जबकि एक वर्किंग में है। अब सवाल यह है गेहूं का सीजन सिर पर है। एक दमकल विभाग पर 20 किलोमीटर का दायरा आता है। यहां बिजली की झूलती तारें आपस में टकराने और उनमें स्पार्किंग होने से हर साल आग लगती है।



फतेहाबाद। दमकल विभाग में खड़ी गाडि़यां। *फोटो: हरिभूमि*

### क्या है फायर हाइड्रेंट

फायर हाइड्रेंट आग बुझाने के लिए पानी की आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण बिंदु है, जो अग्निशमन कर्मियों को पानी तक जल्दी पहुंचने में मदद करता है। फतेहाबाद में इस समय केवल एक ही फायर हाइड्रेंट है जबकि विभाग शहर में 6 और बड़े गांवों में 1-1 फायर हाइड्रेंट की डिमांड है। इसको लेकर फतेहाबाद के अधिकारियों ने विभाग को पत्र लिखा है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### विभाग के पास एक ही फायर हाइड्रेंट

फतेहाबाद दमकल विभाग के पास भट्टू रोड पर एक जगह ही फायर हाईड्रेंट है, जहां से आग लगने की स्थिति में पानी गाड़ियों में भरा जाता है। आसपास के क्षेत्रों में आग लगती है तो इन गाडि़यों को पानी भरने के लिए वापस फतेहाबाद के भट्टू रोड पर आना पड़ता है। विभाग ने ईसको लेकर विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है कि हिसार रोड, भूना रोड, सिरसा रोड, रतिया रोड व मुख्य गांवों में फायर हाइड्रेंट बनाए जाएं ताकि आग लगने की सूरत में तुरंत गाडि़यों में पानी भरा जा सके। फायर आफिसर का कहना है कि आग लगने की स्थिति में वापस शहर में आकर पानी भरना पड़ता है। गेहूं के सीजन में भट्टू रोड पर अनाज मण्डी के बाहर जाम लगा हो तो आग को बुझा पाना कठिन काम हो जाता है।

### दिन-रात कर रहे काम

जिलेभर में दमकल कर्मचारी पिछले 9 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। गेहूं का सीजन आगजनी की हिसाब से बड़ा संवेदनशील माना जाता है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। प्रत्येक सीजन में कर्मचारियों की कमी तो होती ही है, जिसके चलते ड्यूटी 8 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे कर दी जाती है। इस बार हड़ताल के चलते 141 में से मात्र 21 कर्मचारी ही ड्यूटी दे रहे हैं। ऐसे में ये सभी कर्मचारी दिन-रात ड्यूटी निभाने को मजबूर है। विभाग ने गेहूं के सीजन को देखते हुए सभी छुट्टियां व अन्य रेस्ट रद्द कर दिए हैं।

### कर्मियों की कमी

फतेहाबाद दमकल विभाग के पास 6 गाडि़यां हैं। 8 घंटे ड्यूटी के हिसाब से विभाग को हर शिफ्ट में 36 कर्मचारी चाहिए। यानि एक गाड़ी पर एक क्रू में 6 कर्मचारियों का स्टाफ रहता है, जिनमें एक लीडिंग फायरमैन व 5 फायर ऑपरेटर शामिल होते हैं। ऐसे में एक गाड़ी पर दिन की तीन शिफ्टों में कुल 108 कर्मचारियों की जरूरत होती है। फतेहाबाद जिले में इस समय 201 पद स्वीकृत है जबकि जरूरत कुल 341 कर्मचारियों की है। आज के हालात देखे तो मौके पर 141 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। इनमें 38 कर्मचारी पक्के हैं जबकि 30 हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे है। इसके अलावा 73 पालिका कॉन्ट्रेक्ट बेस पर लगे हैं।

---

काम बंद कर जताया विरोध, थमाई नोटिस की कॉपी

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे सफाई और फायर कर्मी



फतेहाबाद। शहर में प्रदर्शन करते नगरपरिषद व फायर कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

- 3 घंटे के लिए काम किया बंद, मांगों के जल्द समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर और सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में कर्मचारियों ने गुरुवार को न केवल काम बंद रखा, बल्कि शहर भर में जोरदार प्रदर्शन कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। वीरवार सुबह की शुरुआत कर्मचारियों के तीखे तेवरों के साथ हुई। सभी कर्मचारी सुबह कार्यालय पहुंचे, हाजिरी लगवाई, लेकिन उसके तुरंत बाद 3 घंटे के लिए काम बंद कर दिया। अपने-अपने दफ्तरों के बाहर एकत्रित होकर कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नगरपरिषद अधिकारी को आंदोलन का नोटिस भी सौंपा गया। नगरपरिषद कर्मचारियों ने पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया। सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए सफाई और दफ्तर कर्मियों ने शहर की मुख्य सड़कों पर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार उनकी जायज मांगों को अनसुना कर रही है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ के जिला प्रधान व राज्य सचिव प्रैस सचिव विजय ढाका व इकाई प्रधान नरेश राणा ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर हैं, लेकिन गूंगी-बहरी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने फायर कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि 1 मई तक सरकार ने सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो 2 मई को राज्य कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाने जैसा बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

### यह रहेगा आंदोलन

- ▶▶| 20 व 21 अप्रैल को कर्मचारी फील्ड में काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।
- ▶▶|24 व 25 अप्रैल को जिले में सभी पालिकाओं, परिषदों में उल्टा झाड़ू प्रदर्शन कर शहर की सफाई व्यवस्था और सरकार की नीतियों पर चोट की जाएगी।
- ▶▶|27 व 28 अप्रैल को कर्मचारी 8-8 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे।
- ▶▶|1 व 2 मई को पूरे प्रदेश में दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल रहेगी।

---

## खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा नुकसान होने से टला

- पुरुष, महिलाएं और युवा घरों में उपलब्ध पानी के बर्तन लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

डिंग कस्बे के गांव मोचीवाली में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग गांव की पंचायती जमीन पर ठेके पर लिए गए खेतों में लगी थी। हालांकि, आसपास के कॉलोनी वासियों की तत्परता और प्रयासों से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। ग्रामीण राजपाल, दलीप सिंह और पिर्थी ने बताया कि दोपहर करीब पौने दो बजे पंचायती खेतों में अचानक आग की लपटें उठती दिखाई दीं। यह देख कालोनी में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कालोनी के पुरुष, महिलाएं और युवा घरों में उपलब्ध पानी के बर्तन लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत की और आग को फैलने से रोक लिया। इसके बावजूद करीब दो एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत के मालिक मदन खाती ने बताया कि उन्होंने पंचायती जमीन ठेके पर ले रखी है। दोपहर को उन्हें फोन के जरिए आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनकी करीब दो एकड़ फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

### कॉलोनी भी आ सकती थी चपेट में

ग्रामीणों के अनुसार उस समय हवा पश्चिम दिशा में चल रही थी। यदि हवा की दिशा पूर्व की ओर होती तो आग तेजी से फैल सकती थी और पास की कालोनी को भी अपनी चपेट में ले सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना दमकल विभाग को भी दी गई थी, लेकिन जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

## धरने पर डटे फायरकर्मी, अन्य संगठनों का मिला समर्थन

- सरकार से मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के अग्निशमन कर्मियों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। फतेहाबाद के अग्निशमन विभाग के कर्मचारी वीरवार को 9वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे। धरने की अध्यक्षता फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान विनोद खिचड़ ने की, जबकि मंच का संचालन अग्निशमन कर्मचारी संघ के राज्य सचिव सतबीर सहारण द्वारा किया गया। फायर कर्मचारियों के इस आंदोलन को अब अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। आज धरना स्थल पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद, नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उप-प्रधान रमेश तुषामड़, जिला प्रधान विजय ढाका ने शिरकत की। इन नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार फायर कर्मियों की मांगें नहीं मानती, उनका संगठन कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा रहेगा।



फतेहाबाद। दमकल केन्द्र पर अपनी मांगों को लेकर धरना देते अग्निशमन कर्मचारी।

### सरकार ने चुप्पी साधी

ब्लॉक प्रधान विनोद खिचड़ व राज्य सचिव सतबीर सहारण ने कहा कि कर्मचारियों की नाराजगी का सबसे बड़ा कारण फरीदाबाद में हुआ हालिया अग्निकांड है। इस हादसे में ड्यूटी के दौरान दो फायर कर्मियों ने अपनी जान गंवा दी थी लेकिन सरकार ने मृतक कर्मियों को अब तक शहीद का दर्जा नहीं दिया है। मृतक के परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया गया है। इसके अलावा अन्य लंबित विभागीय मांगों पर सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। यह हड़ताल ऐसे समय में हो रही है जब प्रदेश में गेहूं की कटाई का सीजन अपने चरम पर है। गौरतलब है कि इन दिनों तापमान बढने और सूखी फसल के कारण आगजनी की घटनाएं सबसे अधिक होती हैं। ऐसे संवेदनशील समय में फायर ब्रिगेड का ठप होना किसी बड़ी त्रासदी को निमंत्रण देने जैसा है। अग्निशमन कर्मचारी संघ के राज्य सचिव सतबीर सहारण ने सरकार शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है। गेहूं की कटाई के दौरान आगजनी का खतरा सबसे ज्यादा होता है, लेकिन सरकार कर्मियों की जायज मांगें पूरी करने के बजाय चुप्पी साधे बैठी है।

---

## 20 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को 20 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इंचार्ज यूनिट सिरसा बिरेंद्र सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक गुरलाल सिंह और उनकी टीम को हैरोइन तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद, पुलिस टीम ने रणनीतिक ढंग से संदिग्ध को नशीले पदार्थ सहित काबू किया। आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## अवैध कॉलोनी काटने के आरोप में प्रॉपर्टी डीलरों सहित 5 पर एफआईआर

- डीटीपी की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत फतेहाबाद में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। शहर से सटे गांव बीघड़ में बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित करने के आरोप में हरियाणा स्टेट एन्फोर्समेंट ब्यूरो ने एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिला टाउन प्लानर की लिखित शिकायत के बाद की गई है। इस एफआईआर के बाद अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग करने वाले भू-माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। एन्फोर्समेंट ब्यूरो के स्टेशन हाउस ऑफिसर मनदीप सांगवान के अनुसार, जिन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें गुलशन अरोड़ा निवासी अनाज मंडी, फतेहाबाद, सुधीर तनेजा, संचालक, तनेजा प्रॉपर्टीज के अलावा अमन जिंदल, सोनिया तथा प्रवीन कुमार नारंग निवासी सेक्टर-14, हिसार शामिल हैं। डीटीपी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने गांव बीघड़ के क्षेत्र में लगभग 39 कनाल 11 मरला जमीन पर बिना किसी कानूनी अनुमति के कॉलोनी काट दी। आरोपियों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनिवार्य लाइसेंस लिए बिना ही जमीन का लेआउट प्लान तैयार कर लिया। विभाग से मंजूरी मिले बिना ही आरोपियों ने भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेचना शुरू कर दिया। यह पूरी गतिविधि हरियाणा डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन ऑफ अर्बन एरिया एक्ट 1975 का सीधा उल्लंघन है। चूंकि यह भूमि शहरी क्षेत्र के दायरे में आती है, इसलिए यहां किसी भी प्रकार के विभाजन या निर्माण से पहले सरकार से अनुमति लेना अनिवार्य था।

### विभाग दस्तावेजों की जांच कर रही

इस मामले में एन्फोर्समेंट ब्यूरो के एसएचओ मनदीप सांगवान का कहना है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों जमाबंदी, इंतकाल और साइट प्लान की जांच की जा रही है। अवैध कॉलोनाइजेशन को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सख्त है। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी लुभावने ऑफर के चक्कर में आकर अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें। किसी भी जगह प्लॉट खरीदने से पहले विभाग से उसके लाइसेंस और सीएलयू की जांच जरूर कर लें, अन्यथा भविष्य में उनके निर्माण पर पीला पंजा (बुलडोजर) चल सकता है और उनकी गाढ़ी कमाई फंस सकती है।

## नियमों की अनदेखी पर सात स्कूल बसों के चालान, एक इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

जिला में स्कूली बस के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वीरवार को यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह के नेतृत्व में व्यापक कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर स्कूली बसों की गहन जांच की। चेकिंग के दौरान 9 स्कूली बसें नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं, जिनके चालान किए गए, जबकि एक बस को गंभीर अनियमितताओं के चलते इंपाउंड किया गया। संबंधित बस चालक को निर्देश दिए गए कि वह बच्चों को सुरक्षित उनके घर छोडऩे के बाद बस को यातायात थाना में प्रस्तुत करे, अन्यथा उसे भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। बसों में अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाने वाले फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरे तथा अग्निशामक यंत्रों की भी बारीकी से जांच की गई।

---

### स्व-गणना सरल, सुरक्षित और डिजिटल सुविधा का बेहतरीन माध्यम : एडीसी

## जनगणना-2027 शुरू, नागरिक घर बैठे स्वयं दर्ज करें डाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि आज 16 अप्रैल से जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें नागरिक घर बैठे ही अपने मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। पूर्ण विवरण भरने के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जब घर पर प्रगणक आए तब उन्हें यह आईडी बताने पर आपका डाटा स्वयं ही दिखाई देगा। स्व-गणना प्रक्रिया न केवल सरल माध्यम है बल्कि नागरिक द्वारा डाटा स्वयं भरे जाने पर पारदर्शिता के साथ-साथ नागरिक सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। एडीसी अर्पित संगल गुरुवार को सिरसा में प्रैसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद हाउस लिस्टिंग का कार्य एक मई से 30 मई तक चलेगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जनगणना-2027 को लेकर जिला प्रशासन की पूरी तैयारी है। इस कार्य के लिए 11 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते एडीसी।

### फतेहाबाद में उपायुक्त ने स्वयं किया पंजीकरण

**फतेहाबाद।** जनगणना-2027 के तहत शुरू हुए स्व-गणना अभियान में डीसी डॉ. विवेक भारती ने स्वयं पंजीकरण कर इसकी औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे भी इस पहल में भाग लेते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा में स्व-गणना प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक संचालित की जा रही है। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट आईएन पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी जानकारी स्वयं भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल जनगणना को अधिक सरल, पारदर्शी और सटीक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि स्व-गणना के पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना यानि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान गणनाकर्मी घर-घर जाकर नागरिकों द्वारा भरी गई जानकारी का सत्यापन करेंगे।



स्व-गणना अभियान में स्वयं पंजीकरण कर औपचारिक शुरूआत करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

## चूरापोस्त सहित चार तस्कर दबोचे

- पकड़े गए नशे की अनुमानित कीमत 45 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए करीब तीन क्विंटल चूरापोस्त सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। नशे की यह खेप झारखंड के रांची से लाई जा रही थी और इसे सिरसा जिले में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने कैंटर को भी जब्त कर लिया है। डीएसपी अर्शदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस की एक पुलिस टीम डिंग क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान एनएच-नौ डिंग थाना क्षेत्र में फतेहाबाद की ओर से आ रहे कैंटर को रोककर जांच की गई। पुलिस ने कट्टों की तलाशी ली गई तो उनमें से 297 किलोग्राम। चूरा पोस्त बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है।



सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी। *फोटो: हरिभूमि*

### अन्य मामले में चार किलो नशा

इसके अलावा पुलिस ने तीन युवकों को साढ़े चार किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल, सागर व लखबिंद्र सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज किया गया है।

विशेष : पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

# अपनी पृथ्वी को बनाएं स्वच्छ-सुरक्षित और सुंदर

हमारी पृथ्वी स्वच्छ, सुरक्षित रहे, इसके लिए जरूरी है कि हमारा पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित रहे। बच्चो, कुछ छोटे-छोटे कदम उठाकर तुम भी हमारी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो।



अवेयरनेस
शिखर चंद जैन

बच्चो, इस पृथ्वी पर मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, हम सभी रहते हैं। पृथ्वी हमारे घर की तरह है। पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। इसे 'इंटरनेशनल मदर अर्थ-डे' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2026 के लिए पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' निर्धारित की गई है। इसका मतलब है, हम सब पृथ्वीवासी के रूप में अपनी शक्तियों और सूझबूझ का प्रयोग करें और अपनी पृथ्वी को एक बेहतर ग्रह बनाएं।

## हम बच्चे क्या कर सकते हैं

तुम्हारे मन में सवाल उठ सकता है कि इतनी बड़ी पृथ्वी की सुरक्षा हम बच्चे भला कैसे कर सकते हैं? यहां यह समझना होगा, तुम्हें अकेले पूरी पृथ्वी की रक्षा नहीं करनी है। बस अपने हिस्से का काम करना है। जब सभी लोग अपने-अपने हिस्से का काम करेंगे तो पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और हरी-भरी रखने की दिशा में बड़े बदलाव होने लगेंगे। हमारी पृथ्वी हरी-भरी, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त हो जाएगी।

## खूब लगाओ पेड़-पौधे

बच्चो, पेड़-पौधे, घने जंगल और वनस्पतियों को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। यह तो तुम जानते ही हो कि हम सांस के द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसके विपरीत कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी पेड़-पौधे और जंगल बहुत जरूरी हैं। तो आज ही ठान लो कि तुम पेड़-पौधों से सच्ची दोस्ती करोगे और इसे निभाओगे। तुम खूब पेड़-पौधे लगाओगे, उसकी देखभाल करोगे। यह हमारी पृथ्वी और हमारे लिए बहुत जरूरी है।




## प्लास्टिक को कहो बाय-बाय

आज के समय में प्लास्टिक हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। धरती को स्वच्छ-सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा मुकाबला 'प्लास्टिक दानव' से भी है। हमारी कोशिश हो कि कम से कम प्लास्टिक इस्तेमाल हो ताकि हमारी धरती, समुद्र की मछलियां, घरेलू और जंगली जानवरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और हम इंसान भी इसके दुष्प्रभावों से बचें।

## कचरे का सही डिब्बा चुनो

यहां-वहां कचरा फेंकने और इसका सही निस्तारण न करने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होने के साथ-साथ, हमारी पृथ्वी के लिए भी काफी नुकसानदायक है। इसलिए हमें समझदारी से कचरे का निस्तारण करना चाहिए। नीला डस्टबिन सूखे कचरे के लिए और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए यूज करना चाहिए। अगर हम कचरा सही जगह डालेंगे, तो हमारी धरती साफ-सुथरी बनी रहेगी।



## ऊर्जा का करो संरक्षण

ऊर्जा सीमित संसाधन है। इसका बेतहाशा इस्तेमाल हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकता है। बिजली की बचत कर हम अपनी पृथ्वी को बहुत राहत पहुंचा सकते हैं। इसलिए कमरे से बाहर जाते समय या जब जरूरत न हो, लाइट, पंखे और बिजली के अन्य उपकरण बंद करने की आदत डालें।



## पशु-पक्षियों का सहारा बनो

पशु-पक्षी हों या कीट-पतंगे या फिर कोई भी अन्य जीव, सभी पृथ्वी के लिए आवश्यक हैं। ये हमारे ईको सिस्टम को बैलेंस्ड रखने में सहायक हैं। हमें इनका ध्यान रखना चाहिए। पृथ्वी को खुशहाल रखने के लिए भी इन्हें सुरक्षा देना जरूरी है। गर्मी के दिनों में अपनी छत या बालकनी पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना जरूर रखो। *



## मत करो पानी की बर्बादी

'जल ही जीवन है' ये स्लोगन तो तुमने सुना होगा। दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी बहुत ही अनमोल है, इसकी बर्बादी रोकना जरूरी है। हमें कभी भी पानी वेस्ट नहीं करना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद रखना और नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी-मग का इस्तेमाल करना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें अगर हम सभी अपनाएं, तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकेगा।

इंस्पायरिंग / अंजू जैन

बच्चों को स्टोरी या नॉलेज से जुड़ी किताबें पढ़ना बहुत पसंद होता है। लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में किताब लिखकर, सबको चौंकाया, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हुए। हम तुम्हें ऐसे ही कुछ प्रतिभावान बच्चों और उनकी प्रकाशित किताबों के बारे में बता रहे हैं।

# टैलेंटेड-क्रिएटिव ये नन्हे राइटर

भारत में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिन्होंने किताबें पढ़ने की उम्र में खुद ही एक से बढ़कर एक शानदार किताबें लिख डालीं। छोटी उम्र में ही किताबें लिखकर इन बच्चों ने सभी को हैरान कर दिया है। वर्ल्ड बुक डे (23 अप्रैल) के मौके पर जानो, ऐसे ही कुछ टैलेंटेड नन्हे राइटर्स के बारे में।

## वाणी रावल



**हरियाणा की** वाणी रावल ने 10 साल की उम्र में 'कैथी' 23 डेज ऑफ क्रिसमस' और 'कैथी इज कॉलिंग: फाइव एलिमेंट्स ऑफ क्रिसमस' नामक किताबें लिखीं। किताबों की ये सीरीज लिखकर वाणी ने दुनिया की सबसे कम उम्र की 'सीरीज राइटर' होने का गौरव हासिल किया। वाणी का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स', 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। *

## अभिजिता गुप्ता



**उत्तर प्रदेश** की अभिजिता गुप्ता ने 7 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हैप्पीनेस ऑल अराउंड' लिखी। वह 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखिका मानी गई है। वह अब तक 3 किताबें लिख चुकी है। 2020 में अभिजिता ने कहानी और कविता की पुस्तक की सबसे कम उम्र की लेखिका होने का रिकॉर्ड बनाया, जिसे 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा प्रमाणित किया गया है। अभिजिता की कुछ प्रमुख किताबें हैं- 'श्योरली सस्टेन', 'टू बिगिन विद द लिटिल थिंग्स', 'मार्क ऑफ द कीपर: वेल ऑफ लाइट'। अभिजिता को 'ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवॉर्ड 2022' से भी सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी जानो कि अभिजिता हिंदी साहित्य की महान विभूति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की परपोती है। *

## अयान गोगोई गोहेन



**असम के** अयान गोगोई गोहेन ने मात्र 4 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हनीकॉम्ब' लिखी थी। उसे 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भारत का सबसे कम उम्र का लेखक घोषित किया गया है। अयान दुनिया के सबसे कम उम्र के लेखकों में से एक है। वर्ष 2020 में ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड विजेता अयान ने 'बंबलबी' और 'लाइफ लेसंस फ्रॉम द फोर-लेग्ड मोंक' जैसी किताबें भी लिखी हैं। अयान दुनिया के शीर्ष 100 बाल प्रतिभाओं की सूची में भी शामिल हो चुका है। *

तुम्हारे लिए किताब / नीलम राकेश

# पर्यावरण संरक्षण की कहानियां

बच्चो, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है धरती का पर्यावरण शुद्ध रहे। पर्यावरण तभी शुद्ध रहेगा, जब हम सभी मिलकर इसको संरक्षित करेंगे। इस बात को ध्यान में रखकर बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने तुम्हारे लिए विशेष रूप से कथाओं का संकलन 'पर्यावरण संरक्षण की कहानियां' तैयार किया है। इस किताब में देश के जाने-माने 15 बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की गई हैं। बच्चो, इस किताब की कहानियों में तुम्हें प्रकृति के नए-नए रंग देखने को मिलेंगे, जो तुम्हारे भीतर पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाएंगे। इस संकलन की कहानियों में कहीं देव नदी गंगा अपनी मदद के लिए पुकार रही है, तो कहीं पर 'अलईतारा' के रूप में श्रमदान का महत्व बताया गया है। इस संकलन की एक कहानी 'बिन मौसम' तुम्हें झूमते हुए वृक्षों की छांव में ले जाएगी। कहानी 'पानी नहीं' बताती है पानी की फिजूल खर्ची से कितनी दिक्कतें आ सकती हैं? किताब की हर कहानी कोई ना कोई संदेश देती है, तुम्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। कहानियों के साथ छपे सुंदर चित्र इस किताब के आकर्षण को बढ़ाते हैं। किताब का आवरण बहुत ही मोहक है। एक खास बात यह है कि इसमें बने चित्रों में तुम्हें रंग भरने का मौका मिलेगा। *



**किताब:** पर्यावरण संरक्षण की कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

कल्पना करो धरती, सौरमंडल में तीसरी कक्षा से दूर चौथी कक्षा में आ जाए तो क्या होगा? यही होगा, सारे प्राणियों का जीवन घोर संकट में आ जाएगा। इसलिए जरूरी है, हम अपनी आदतें सुधारें, पर्यावरण संरक्षित करें। बच्चो, यह कहानी सौरमंडल में धरती के निश्चित स्थान की महत्ता बताती है।

# जब धरती ने जगह बदलने की ठानी




एआई इमेज



कहानी
कुसुम अग्रवाल

आज विद्यालय में विशेष चहल-पहल थी। स्कूल का प्रांगण हरे और नीले गुब्बारों से सजा था। मंच पर लगे एक बैनर पर बड़े अक्षरों में लिखा था-पृथ्वी दिवस। प्रधानाचार्य जी ने मंच पर आकर माइक से घोषणा की, 'आज कक्षा सात के विद्यार्थी एक विशेष नाटक प्रस्तुत करेंगे-जब धरती ने जगह बदलने की ठानी।'

तभी मंच पर परदा खुला। मंच के बीचों-बीच नीले-हरे वस्त्र पहने एक बच्ची खड़ी थी। वह धरती बनी थी। उसके चारों ओर रुई से बने बादल और चमकीले तारे सजे थे। धरती उदास स्वर में बोली, 'मैं बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हूं। धुआं, प्रदूषण, बढ़ते तापमान से। मैं सौरमंडल में सूरज से दूरी के हिसाब से तीसरे स्थान पर यानी तीसरी कक्षा में हूं। क्यों न मैं चौथी कक्षा में आ जाऊं। वहां कुछ ठंडक मिलेगी।'

पास में मौजूद चंद्रमा घबराए स्वर में बोला, 'ऐसा मत करो धरती बहन! इससे सौरमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा।'

तभी अलग-अलग वेशभूषा में कुछ बच्चे मंच पर आए। एक बच्चा पेंग्विन बना था। उसने घबराते हुए कहा, 'धरती मां, अगर आप दूर चली गईं तो यहां बहुत ज्यादा ठंडक बढ़ जाएगी। समुद्र जम सकते हैं। हमें भोजन कहां मिलेगा?'

हाथी बना हुआ बच्चा बोला, 'जंगलों में धूप कम हुई तो पेड़-पौधे कैसे उगेंगे, बढ़ेंगे? हम क्या खाएंगे?'

एक बच्ची जो किसान बनी थी, बोली, 'हमारी फसलें नष्ट हो जाएंगी।'

समुद्री नीले वस्त्रों में एक बच्चा, जो व्हेल बना था, बोला, 'पृथ्वी बहन तुम्हारे दूर जाने से समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटे का रूप बदल जाएगा।'

तभी एक बाल वैज्ञानिक मंच पर आया। उसने चार्ट दिखाते हुए कहा, 'धरती का सूर्य से निश्चित दूरी पर तीसरी कक्षा में होना ही, इस पर जीवन के लिए आदर्श स्थिति है। यदि पृथ्वी चौथी कक्षा में चली गई तो यह अत्यधिक ठंडी और बंजर हो सकती है, जैसे मंगल ग्रह। और यदि धरती सूरज के पास यानी दूसरी कक्षा में आ जाए तो तपने लगेगी, जैसे शुक्र ग्रह।'

सामने बैठे दर्शक छात्र, ध्यान से सभी बातें सुन रहे थे। धरती ने दुःखी स्वर में कहा, 'पर मेरा बुखार कौन समझेगा? ग्लोबल वार्मिंग मुझे बीमार कर रही है।'

तभी छोटे-छोटे बच्चे पौधे लेकर मंच पर आ गए। एक ने कहा, 'गलती हमारी है। धरती आप अपनी जगह मत बदलें। हम बदलेंगे अपने आपको।'

दूसरे ने कहा, 'हम पेड़ लगाएंगे!'

तीसरे ने कहा, 'हम बिजली बचाएंगे!'

चौथे ने कहा, 'हम प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे!'

पांचवें ने कहा, 'हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएंगे!'

धरती बनी बच्ची कुछ क्षण चुप रही फिर मुस्कुराते हुए बोली, 'यदि तुम सचमुच अपना व्यवहार बदलोगे, तो मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

अंतिम दृश्य में सभी बच्चे हाथों में हाथ डालकर बोले, 'धरती हमारी है, हम इसके रखवाले हैं! हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे।'

परदा गिरा। नाटक खत्म हो गया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य जी मंच पर आकर बोले, 'बच्चो, अभी जो तुमने देखा, यह केवल नाटक नहीं है। यह सच्चाई है। धरती अपनी कक्षा नहीं बदल सकती, पर हम अपनी आदतें बदल सकते हैं।' आज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर केवल एक कार्यक्रम नहीं हुआ था, यहां संकल्प लिया गया था, पृथ्वी को बचाने का। *

कविता
राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव



## पृथ्वी कितनी प्यारी है!

पृथ्वी कितनी प्यारी है!
सभी ग्रहों से न्यारी है।
हम सबकी जीवनदायी,
हितकारी उपकारी है।
खेत और खलिहान यहां,
वन-उपवन, मैदान यहां।
नदियां ताल समंदर हैं,
खनिजों की हैं खान यहां।
तितली भौंरे सुमन यहां,
पंछी पर्वत पवन यहां।
जल, थल, बादल, नील गगन,
जीवन, भोजन, वसन यहां।
लेकिन वन कटते जाते,
नए शहर बसते जाते।
मिट्टी रेत खनिज पानी,
दिन-प्रतिदिन घटते जाते।
अब हम लें जिम्मेदारी,
और न दोहन हो भारी।
हम सब मिलकर यत्न करें,
बची रहे पृथ्वी प्यारी।

## बूझो तो जानें

1. नीला पानी, हरी है घास,
सबके लिए हूं मैं तो खास।
इंसान, पशु और पक्षी सारे,
रहते हैं मेरे ही सहारे।

2. सिर पर ऊपर नीला अंबर,
पैरों के नीचे मिट्टी सुंदर।
पहाड़, नदी और जंगल घने,
सब कुछ हैं मुझसे ही बने।

-शिवानी छाया

उत्तर : पृथ्वी

## जीके क्विज-201

1. साइकिल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?
2. हाल में ही बिहार के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. रूपा बायर किस खेल से संबंधित हैं?
4. आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज कौन बन गए हैं?
5. श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
6. तेनालीरामा किस राजा के दरबारी विद्वान थे?
7. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
8. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करते हैं?
9. भूकंप की तीव्रता किस यंत्र से मापी जाती है?
10. किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-201 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-200 का उत्तर :** 1. रोपड़ (पंजाब), 2. भारत, 3. अकबर और हेमू, 4. मिथुन मन्हास, 5. विशाखदत्त, 6. हेग(नीदरलैंड), 7. बुध, 8. विटामिन ए, 9. बी.आर. आंबेडकर, 10. राजस्थान

**जीके क्विज-200 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अनन्या-राजनांदगांव, कविश-रायपुर, सौम्या-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, तमन्ना-कोरबा, अक्षित-बिलासपुर, सुमित-रोहतक, हर्ष-बालोद

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे भालू और खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में सभी सात अंतर ढूंढ कर बताओ।





उत्तर: 1.भालू तरबूज के बजाय सैंडविच खा रहा है। 2.खरगोश ने टोपी नहीं पहनी है। 3.बेंच पर तितली के बजाय एक पक्षी बैठा हुआ दिख रहा है। 4.पेड़ के तने से तितलियां उड़ रही हैं। 5.भालू के बगल में रखा बास्केट गायब है। 6.भालू की छोटी-सी पूंछ दिख रही है। 7.फूलों वाले गमले की जगह पर बास्केट रखा हुआ है।

## लेफ्ट-राइट बताओ

बच्चो, यहां दी गई तस्वीर में कुछ क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, तो कुछ राइट की तरफ। तुम्हें गिनकर दिए गए बॉक्स में लिखना है कि कितनी क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, कितनी राइट की तरफ?



LEFT

RIGHT

उत्तर : ??????????????

## खबर संक्षेप

### हथियारों के बल पर वसूली करने के आरोपी दबोचे

**सिरसा।** पुलिस प्रशासन ने हथियारों के बल पर वसूली करने के तीन आरोपियों को धर दबोचा है। खैरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ब्लू बैरी होटल नजदीक कंगनपुर फाटक सिरसा पर काम करता है। बीती रात्रि करीब 2 बजे होटल को बंद करने के लिए जब वह बाहर आया तो बाइक सवार युवक खड़े दिखाई दिए। उक्त युवकों ने उसके साथ गाली गलौज किया और मारपीट करते हुए पिस्तौल निकालकर उसकी कनपटी पर लगाते हुए कहा कि यह उनका इलाका है। यदि होटल चलाना है तो 2 लाख रुपए देने पड़ेंगे।

### एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर जनशिकायतों के निवारण का बेहतरीन माध्यम है, यहां पर एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों से जुड़ी आमजन की समस्याओं का निवारण किया जाता है। नागरिक प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल पर समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रखते हुए उनका निवारण करवा सकते हैं।

### भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह 19 को

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर आगामी 19 अप्रेल को भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के निदेशक देव कुमार शर्मा मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम को लेकर श्री ब्राह्मण सभा द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सभा के प्रधान अर्जुन शर्मा ने बताया कि समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्ति व समाजसेवी भी भाग लेंगे।

## उपायुक्त ने रतिया, भूना, जाखल व धारसूल में अनाज मंडी का किया दौरा

# उठान तेज करने और किसानों को सुविधाएं सुनिश्चित करने के आदेश

*पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सफाई व्यवस्था का भी लिया जायजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को जिला की अनाज मंडियों रतिया, भूना, जाखल व धारसूल का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया, उठान व्यवस्था तथा किसानों के लिए मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों और आढ़तियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि मंडियों में गेहूं खरीद कार्य पूरी पारदर्शिता, निर्धारित मानकों और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल में नमी की जांच नियमानुसार की जाए और किसी भी किसान के साथ भेदभाव या अनियमितता न हो। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरतें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडियों में पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में आने वाले किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रखें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गेहूं के उठान कार्य की समीक्षा करते हुए डीसी ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्देश दिए कि खरीदी गई फसल का उठान तुरंत प्रभाव से तेज किया जाए। उन्होंने मौके पर ही वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में फसल का अनावश्यक जाम नहीं होना चाहिए। उठान प्रक्रिया निरंतर जारी रहे, ताकि मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनी रहे और नई आवक के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने मंडियों में तैनात नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।



फतेहाबाद। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों का निरीक्षण करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को अनाज मंडी टोहाना का दौरा कर गेहूं खरीद एवं उठान कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि गेहूं खरीद के साथ-साथ उठान कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकाश शर्मा ने गेहूं के उठान कार्य को और अधिक गति प्रदान करने के लिए संबंधित एजेंसियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं का उठान जल्द से जल्द होना चाहिए ताकि मंडी में फसल रखने के लिए पर्याप्त स्थान की उपलब्धता निरंतर बनी रहे। इस कार्य को त्वरित रूप से पूरा करने के लिए उन्होंने मालवाहक गाड़ियों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया, जिससे उठान प्रक्रिया बिना किसी विलंब के सुगमता से आगे बढ़ सके। उठान प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त लेबर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा ताकि अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को असुविधा ना हो और मंडी के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर आसानी से पूरे हो सकें।

### आवक में 16 लाख क्विंटल की गिरावट के बावजूद खरीद जारी, मंडियों में उठान तेज

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले की अनाज मंडियों में इस बार गेहूं की आवक पिछले साल के मुकाबले काफी पीछे चल रही है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अनुसार 1 से 15 अप्रैल 2026 तक जिले में 49.31 लाख क्विंटल गेहूं पहुंचा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 65.65 लाख क्विंटल था। इस तरह करीब 16.33 लाख क्विंटल की कमी दर्ज की गई है। हालांकि आवक कम रहने के बावजूद खरीद प्रक्रिया लगातार जारी है। अब तक 14.84 लाख क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद और 34.47 लाख क्विंटल निजी खरीद हो चुकी है, जिससे मंडियों में गतिविधि बनी हुई है।

#### मंडीवार स्थितिः रतिया-भूना आगे, भट्टू पिछड़ा

जिले की मंडियों में आवक के मामले में रतिया और भूना सबसे आगे हैं। रतिया मंडी में 12.14 लाख क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जो जिले में सबसे अधिक है, जबकि भूना में 10.25 लाख क्विंटल गेहूं पहुंचा है। टोहाना में 7.78 लाख और फतेहाबाद मंडी में 7.28 लाख क्विंटल आवक रही। वहीं भट्टू मंडी एक बार फिर पिछड़ती नजर आई, जहां 4.04 लाख क्विंटल आवक के बावजूद सरकारी खरीद बेहद कम रही, जिससे किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

#### उठान जारी, अनसोल्ड गेहूं चिंता का कारण

मंडियों से गेहूं का उठान भी लगातार किया जा रहा है और अब तक 28.95 लाख क्विंटल उठान हो चुका है। इसके बावजूद 2.18 लाख क्विंटल गेहूं अभी भी अनसोल्ड पड़ा है, जो व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। मंडियों में गेहूं का भाव लगभग 2585 रुपये प्रति क्विंटल बना हुआ है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल रहा है। हालांकि आवक में कमी और अनसोल्ड स्टॉक को लेकर स्थिति पर नजर बनी हुई है।



# विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है भारतीय संस्कृति : डा. अमित

## सीडीएलयू में कलरव-द लिटरेरी फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स, रोहतक के कुलपति डा. अमित आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है और भारतीय ज्ञान परम्परा को व्यवहारिक रूप से लागू करके शिक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाया जा सकता है। वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने युवाओ की एनर्जी को चैनेलाइज करके उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु किताबी ज्ञान के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से दक्ष करें। कुलपति डॉ. अमित आर्य गुरुवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय कलरव-द लिटरेरी फेस्टिवल को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के बिना मनुष्य केवल मशीन के समान है। इसलिए संगीत, कला एवं साहित्य मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। उन्होंने साहित्य और भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को निखारते हैं तथा उनमें सृजनात्मक सोच को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साहित्यिक गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि इस आयोजन का नाम कलरव ही इसकी सार्थकता को व्यक्त करता है। यह मंच विद्यार्थियों की प्रतिभा, उत्साह और सृजनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। प्रो. विजय कुमार ने कहा कि कलरव जैसे साहित्यिक महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। इस मौके पर प्रो. सुल्तान ढांडा, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, प्रो. प्रियंका सिवाच, प्रो. मंजू नेहरा, प्रो. अशोक मलिक, प्रो. राजकुमार सिवाच, डॉ रविंद्र, डॉ अमित अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में अभियार्थियों के साक्षात्कार लेते हुए कंपनी के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### नेशनल कॉलेज में लगा रोजगार मेला

सिरसा। राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए निजी कंपनी बायोकॉल प्राइवेट लिमिटेड को आमंत्रित किया गया। बायोकॉल कंपनी जैविक फर्टिलाइजर उत्पादन का कार्य करती है। कंपनी की ओर से कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक कर्मचंद और अजीत सिंह अभियार्थियों के साक्षात्कार के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान महाविद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिए, जिसमें से कुछ को द्वितीय स्तर के लिए चुना गया। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. विवेक गोयल ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए प्रेरित किया और उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं सेल के अन्य सदस्य डॉ. संदीप बेनीवाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और सफलता के कुछ टिप्स दिए। इस अवसर पर सेल के अन्य सदस्य डॉ. मंजू मेहता भी मौजूद रही। साक्षात्कार के लिए तकनीकी पक्ष को डॉ. सरोज विनायक ने संभाला।

# आरपीएस के पांच छात्रों ने 99.6% अंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया

- आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत, 734 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व 1567 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विषयवार देखें तो इंग्लिश में 29 विद्यार्थियों ने, मैथ्स में 102 विद्यार्थियों ने, हिन्दी में आठ विद्यार्थियों ने, सांईस में आठ विद्यार्थियों ने, सामाजिक विज्ञान में 43 विद्यार्थियों ने, जापानी में एक विद्यार्थियों ने व इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी में 302 विद्यार्थियों ने 100/100 अंक प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## न्यूज डायरी

### ओपन शूटिंग में छाए अकादमी के शूटर



**सिरसा।** मानसा में ओपन शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सिरसा की तेजस स्पोर्ट्स शूटिंग अकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 2 रजत तथा 2 कांस्य पदक जीतकर अकादमी के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। अकादमी संचालक हरजोत सिंह रंधावा व कोच हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने प्रतिभागिता की जिसमें तेजस शूटिंग अकादमी की सविता व किंजल ने राइफल में स्वर्ण, राइफल गर्ल्स में चंचल व वंशु ने रजत, राइफल गर्ल्स में विपुल कांस्य, पिस्टल गर्ल्स में चारू ने स्वर्ण, पिस्टल ब्वॉयज में हरजोत सिंह रंधावा व अनुराग ने रजत व पिस्टल ब्वॉयज में मनीष ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी की गरिमा को बढ़ाया।

### योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष योग सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू किया गया है। यह शिविर डीसी डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देशन और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन फतेहाबाद जिले के सभी आयुष योग सहायकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

### सस्पेंड विधायक जरनैल सिंह ने हुड्डा पर साधा निशाना



**रतिया।** हरियाणा की राजनीति में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के आरोप में अपने पांच विधायकों को सस्पेंड कर दिया। इन पांच विधायकों में फतेहाबाद जिले की रतिया विधानसभा से विधायक जरनैल सिंह का नाम भी शामिल है। इस कार्रवाई के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान जरनैल सिंह ने अपनी ही पार्टी के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े किए और इसे एकतरफा कार्रवाई करार दिया। विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि पार्टी ने उनके साथ 'धक्का' किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से उन्हें नोटिस भेजा गया था, जिसका उन्होंने विधिवत जवाब भी दिया था। इसके बावजूद, उनकी बात सुने बिना ही उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### डीएमसी ने किया वार्ड कमेटियों से सीधा संवाद



**फतेहाबाद।** स्थानीय शहरी निकाय विभाग आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा हैं और हर स्तर पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह बात डीएमसी प्रवीण कुमार ने डीपीआरसी भवन में आयोजित वार्ड कमेटियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस वार्ड कमेटी संवाद कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। डीएमसी प्रवीण कुमार ने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों को यह निर्देश दिए हैं कि प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

# मजदूरों पर लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मानेसर में न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे मजदूरों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का विरोध में सीटू के आह्वान पर मजदूरों ने फतेहाबाद में विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। उपायुक्त कार्यालय के बाहर एकत्रित मजदूरों ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की जमकर निंदा की। प्रदर्शन के बाद सीटू का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए सीटू की उप प्रधान शीला शक्करपुरा ने की व संचालन ओम प्रकाश अनेजा ने किया। सरकार और पुलिस प्रशासन के रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शीला शक्करपुरा व ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार और पुलिस का मजदूरों, विशेषकर महिलाओं के प्रति दमनकारी रुख बेहद निंदनीय है। मानेसर में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया और 20 महिलाओं सहित 55 मजदूरों को जेल में डाल दिया गया, जो लोकतंत्र की हत्या है। वक्ताओं ने मजदूरों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 6 वर्षों से न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं किया गया है। सीटू ने मांग की है कि महंगाई के मद्देनजर इसे कम से कम 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए।



फतेहाबाद। न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर उप मंडल अधिकारी नागरिक को ज्ञापन देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मदन सिंह, बलवीर सिंह, राजीव सिंह, जागीर सिंह, मेवा सिंह, सविता, गगनदीप और किसान नेता राजेंद्र सिंह बाटू सहित भारी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। मजदूर नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही दमन का रास्ता छोड़कर मजदूरों की मांगें नहीं मानीं, तो राज्य कमेटी के आह्वान पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### कुलदीप जांगड़ा ने संभाला महाप्रबंधक का कार्यभार



सिरसा। कुलदीप जांगड़ा ने रोडवेज महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया तथा बालिकाओं की सुरक्षित व सुगम यात्रा के उद्देश्य से 'बालिका वाहिनी' के संचालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। जीएम जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज आमजन की जीवनरेखा है और यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और सुविधा पर जोर देते हुए कहा कि 'बालिका वाहिनी' पहल छात्राओं के लिए सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसे संरक्षित रखने की अपील भी की। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में कहा कि यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और समय पर सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। 'बालिका वाहिनी' जैसी योजनाओं के माध्यम से हम बेटियों की सुरक्षा और सुविधा को और मजबूत करेंगे। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जैसे कार्यों को भी निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा।

# अव्वल रहे बच्चों को किया सम्मानित

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 19 में पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 19 में वीरवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर कल्सटर हैड आशा रानी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर, डीडीओ नीलम प्रिंसिपल वैदवाला, एबीआरसी संतोष पूनिया, एसएमसी प्रधान सन्नी सिंह, स्कूल इंचार्ज स्नेहलता व कांता रानी भी मौजूद रहे। बीईओ रमेश कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों में टेलेंट की कमी नहीं है। अनुभवी स्टाफ द्वारा बच्चों को शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रोत्साहन का काम करते हैं। एक-दूसरे में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने समाजसेवी गुरचरण सिंह के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चे भी अपने आप को किसी से कम न समझें। इसी सोच के साथ वे लगातार स्कूलों में जाकर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की हौंसलाफजाई कर रहे हैं, ताकि बच्चे और अधिक मेहनत के साथ आगे बढ़ें और अपना व परिवार का नाम रोशन करें। इस मौके पर बीईओ रमेश कुमार व डॉ. गुरचरण सिंह ने परीक्षाओं में अव्वल रहे बच्चों को नकद पुरस्कार राशि व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



सिरसा। परीक्षाओं में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## इंटरनेट और संचार के माध्यम से होने वाली नई प्रकार की धोखाधड़ी के प्रति किया जागरूक

# ठगी के नए तरीकों से रहें सावधान, किसी भी अधिकारी के नाम से आ सकता है फर्जी फोन या संदेश : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने आम नागरिकों को इंटरनेट और संचार के माध्यम से होने वाली नई प्रकार की धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी किया है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिला निवासियों से अपील की है कि वे किसी भी दूरभाष कॉल, लिखित संदेश या पत्र-व्यवहार पर बिना जांच-पड़ताल के भरोसा न करें।

एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि वर्तमान दौर में संचार माध्यमों के नाम बदलकर की जाने वाली धोखाधड़ी, जैसे कि फर्जी पत्र भेजना, नकली संदेश भेजना और किसी अन्य के नंबर से फोन करना, तेजी से बढ़ रही है। इन तकनीकों के जरिए अपराधी किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी या संस्था के असली नंबर और पहचान का उपयोग कर लोगों को भ्रमित करते हैं। कई बार अपराधी खुद को उच्च अधिकारी बताकर लोगों पर दबाव डालते हैं और तुरंत पैसे भेजने या किसी कार्रवाई का भय दिखाकर ठगी को अंजाम देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग से अपराधी ऐसी स्थिति पैदा कर देते हैं जिसमें फोन करने वाले की आवाज और मोबाइल नंबर बिल्कुल असली दिखाई देते हैं। इससे आम नागरिक आसानी से झांसे में आ जाते हैं। अपराधी जानबूझकर घबराहट और जल्दबाजी पैदा करते हैं ताकि पीड़ित व्यक्ति को सोचने या किसी से सलाह लेने का मौका न मिले और वह तत्काल उनके निर्देशों का पालन कर ले।

### जल्दबाजी या दबाव में आकर निजी जानकारी साझा न करें



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह धोखाधड़ी मुख्यतः तीन प्रकार से की जा रही है। पहले किसी विश्वसनीय संस्था या व्यक्ति के पते जैसा दिखने वाला फर्जी पता बनाकर पत्र भेजे जाते हैं। इसके अलावा बैंक या नामी कंपनियों के नाम का सहारा लेकर लोगों को लुभावने या डराने वाले संदेश भेजे जाते हैं। इसके अलावा तकनीक के जरिए अपराधी किसी भी सरकारी अधिकारी या परिचित के नंबर को आपकी स्क्रीन पर दिखा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि ऐसे मामलों में अपराधी अक्सर दूसरे के नंबर का उपयोग फोन करने के लिए तो कर लेते हैं, लेकिन यदि उस नंबर पर वापस फोन किया जाए तो वह उन्हें नहीं मिलता। इसी तरह फर्जी पते से पत्र तो भेजा जा सकता है, परंतु उसी पते पर उत्तर देना संभव नहीं होता। धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी अनजान फोन, संदेश या इलेक्ट्रॉनिक पत्र पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई पव्यक्ति खुद को अधिकारी या परिचित बताकर संपर्क करे, तो घबराने के बजाय धैर्य से काम लें। संदेह होने पर तुरंत उसी नंबर पर वापस फोन करके वास्तविकता की जांच करें। यदि वापस फोन न लगे, तो संबंधित विभाग या व्यक्ति के आधिकारिक संपर्क नंबर पर फोन कर पुष्टि करें। जल्दबाजी या दबाव में आकर अपनी निजी जानकारी अथवा धन साझा न करें।

## खबर संक्षेप

### एमएम मेमोरियल स्कूल का परिणाम सराहनीय

**ओढां।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में एमएम मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल ओढ़ां के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नई उपलब्धि स्थापित की है। विद्यालय के 37 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। परिणामों में ब्रह्मजीत सिंह ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं हैराजप्रीत कौर ने 474 अंक के साथ द्वितीय स्थान और महक ने 460 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर विद्यालय की प्रिंसिपल सीमा बेनीवाल तथा डायरेक्टर गुलाब सिंह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। साथ ही डायरेक्टर और प्रिंसिपल ने विद्यालय की कोऑर्डिनेटर्स संध्या एवं प्रियंका शर्मा को भी इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए विशेष रूप से बधाई दी।

### 1.3 किलो गांजा पत्ती के साथ नशा तस्कर पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद हुडा सैक्टर 3 से एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से गांजा पत्ती बरामद की है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान फतेहाबाद में हुडा सेक्टर-3 टी-पॉइंट के पास मौजूद थी, जहां एक युवक हाथ में पारदर्शी पॉलिथीन लिए संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक तेज कदमों से भुना रोड की ओर जाने लगा, जिस पर शक होने पर पुलिस टीम ने उसे रोककर काबू किया।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डीसी ने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा उनके समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बच्चों को नामांकन व आहार पर किया जागरूक

**भूना।** गांव नहला में पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़े के दौरान वीरवार को विशेष जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भूना की सुपरवाइजर पंकज शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज की गतिविधि का मुख्य विषय छोटे बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देना रहा।

### बरसाती नालों व सीवरेज की सफाई की मांग

**रतिया।** सर्व समाज सभा रतिया की बैठक बाबा नामदेव धर्मशाला में प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव डॉ नैब सिंह मंडेर ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि सभा की बैठक में मुख्य रूप से बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सीवरेज एवं बरसाती नालों की सफाई करवाए जाने की मांग की गई। इस संबंध में सर्व समाज सभा का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही एसडीएम से मिलकर बरसाती जल की निकासी बारे मांग करेगा।

## 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

# डीएवी पुलिस स्कूल का शानदार रहा परिणाम 97 प्रतिशत अंकों के साथ यशराज रहा प्रथम

- सभी 66 विद्यार्थी सफल रहे हैं। स्कूल का सर्वोच्च स्कोर 97 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जिससे संस्थान में उत्सव का माहौल है।

### उत्सव का माहौल

स्कूल के छात्र यशराज ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ जहां पहला स्थान हासिल किया वहीं 96.4 प्रतिशत अंक लेकर सुरभि दूसरे स्थान पर रही। स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि परीक्षा में शामिल हुए सभी 66 विद्यार्थी सफल रहे हैं।


**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

स्कूल का सर्वोच्च स्कोर 97 प्रतिशत रहा, जबकि स्कूल का क्वालिटी परफॉर्मेंस इंडेक्स 76.9 दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता साबित की है। इसके अलावा 36 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 63 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो विद्यार्थियों ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 में से 100 अंक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके साथ ही पंजाबी में 99, अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान व होम साइंस में 98, विज्ञान में 97 और गणित में 94 सर्वोच्च अंक रहे।

प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### आदर्श स्कूल दरियापुर में साधना 97.2 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया

**फतेहाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से स्कूल का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में साधना ने 97.2 प्रतिशत यानि 486 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जागृति ने 95.2 प्रतिशत 476 अंकों के साथ दूसरा और जसनूर ने 90.8 प्रतिशत 454 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर दर्शन मेहता, चेयरपर्सन अंजलि मेहता, प्रिंसिपल सीमा कोचर और डायरेक्टर साहिल मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता बच्चों के निरंतर प्रयास और स्कूल के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक। *फोटो : हरिभूमि*


**फतेहाबाद।** पॉयनियर स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

### पायनियर कॉन्वेंट स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार, सुजल रहा प्रथम

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड स्थित पायनियर कॉन्वेंट स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष सुजल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं भूमिका ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं उरुवंश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में हेल्थ केयर में 99 अंक, हिंदी में 98 अंक, पंजाबी में 98 अंक, अंग्रेजी में 97 अंक, विज्ञान में 96 अंक, सामाजिक विज्ञान में 95 अंक तथा गणित में 95 अंक सर्वाधिक अंक रहे। विद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की, जो विद्यालय के समर्पित शिक्षण एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है।

### टीजीटी परीक्षा में बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों का दबदबा, 14 छात्रों ने हासिल की सफलता



**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है और सफल विद्यार्थियों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कॉलेज के कई प्रतिभावान छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। सफल होने वाले मुख्य विद्यार्थियों में टीना, निधि, महक, सिमरन, पलक रानी, भोला, सुमित्रा रानी, मनीषा, उचिन्त, मनप्रीत, करणवीर, लक्ष्मी, पूजा और अंकिता के नाम शामिल हैं। इन सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षक बनने की दिशा में अपनी पहली बड़ी बाधा पार कर ली है। इस उपलब्धि पर कॉलेज मैनेजमेंट और शिक्षण स्टाफ ने संयुक्त रूप से प्रसन्नता व्यक्त की है। कॉलेज प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से बधाई दी।

# स्टेनोग्राफर के भ्रष्टाचार का मामला : पीएमओ के दखल के बाद तीसरी बार भी डीसी ही करेंगे जांच

- व्हिसल ब्लोअर राधेश्याम सोनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री को भेजा था पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में एक स्टेनोग्राफर के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता व व्हिसल ब्लोअर राधेश्याम सोनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय और हरियाणा सरकार को भेजे गए अपने पत्र में आरोप लगाया है कि करीब पांच माह बीतने के बावजूद जांच शुरू नहीं की गई।

अब तीसरी बार भी उच्च अधिकारियों ने मामले को उपायुक्त फतेहाबाद के पास ही भेजकर जांच करवाने के निर्देश दिए हैं, जिस पर शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच पर

### शिकायतकर्ता ने उठाए निष्पक्षता पर सवाल

सवाल खड़े किए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने 29 अक्टूबर 2025 को प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसका स्मरण पत्र 28 नवंबर 2025 को भी भेजा गया। पीएमओ की ओर से 30 अक्टूबर 2025 को हरियाणा के मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए गए थे।

इसके बावजूद अब तक न तो जांच शुरू हुई और न ही कोई रिपोर्ट सामने आई। हाल ही में 13 अप्रैल 2026 को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से एक और पत्र जारी कर फतेहाबाद के डीसी को दोबारा जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि मामले की जांच कर रिपोर्ट सरकार को भेजी जाए और शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए।

शिकायत में संबंधित स्टेनोग्राफर पर भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति को बेचने, प्रभाव का दुरुपयोग कर शिकायतों को दबाने और शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि स्थानीय प्रशासन और एंटी करप्शन ब्यूरो स्तर पर प्रभाव के चलते निष्पक्ष जांच संभव नहीं हो पा रही।

शिकायतकर्ता के आरोप है कि आरोपी द्वारा भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति बेचने का प्रयास किया। सोनी ने स्थानीय अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाए और कहा कि उस पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया और धमकियां दी गई।

### विजिलेंस से जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने विजिलेंस व एसीबी पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया और मांग की है कि इस मामले की जांच फतेहाबाद से बाहर किसी एसपी स्तर के अधिकारी से करवाई जाए। आरोपी का तबादला अन्य जिले में किया जाए और उसकी संपत्ति की बिक्री पर रोक लगाई जाए। जांच पूरी होने तक पेंशन/वीआरएस प्रक्रिया रोकी जाए। लगातार तीसरी बार मामला डीसी कार्यालय को ही भेजे जाने से अब यह मुद्दा प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जांच की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर रहा है। शिकायतकर्ता ने उच्च स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग दोहराई है।

## वर्ल्ड हीमोफीलिया डे पर विशेष

# मामूली चोट भी बन सकती है जानलेवा, हीमोफीलिया को समय पर पहचानना बेहद जरूरी : डॉ. अमित मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



गर्मी के मौसम के बीच स्वास्थ्य को लेकर एक और गंभीर चिंता सामने है। 17 अप्रैल को वर्ल्ड हीमोफीलिया डे के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आमजन को हीमोफीलिया जैसी गंभीर रक्त संबंधी बीमारी के प्रति सचेत करना है। विशेषज्ञों के अनुसार हीमोफीलिया ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में खून का थक्का यानि क्लॉट सामान्य रूप से नहीं बन पाता। ऐसे में छोटी-सी चोट या कट भी लंबे समय तक खून बहने का कारण बन सकती है। कई मामलों में यह स्थिति जानलेवा भी साबित हो सकती है, खासकर तब जब समय रहते पहचान और इलाज न हो।

हिसार के प्रसिद्ध सुखदा हॉस्पीटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित मेहता ने बताया कि जागरूकता की कमी इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती है। अक्सर मरीज या उनके परिजन इसे सामान्य खून बहने की समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे इलाज में देरी हो जाती है। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते हीमोफीलिया की पहचान हो जाए तो इसे दवाइयों और नियमित देखभाल से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि लोग इसके शुरुआती लक्षणों जैसे बार-बार खून बहना, चोट लगने पर देर से खून रुकना या बिना वजह सूजन को गंभीरता से लें।

### इन लक्षणों को पहचानें, लापरवाही न करें

- छोटी चोट पर भी लंबे समय तक खून बहना
- बार-बार नाक या मसूड़ों से खून आना
- बिना कारण शरीर पर नीले निशान पडना

### तुरंत डॉक्टर से सलाह लें

चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के असामान्य रक्तस्राव को हल्के में न लें। तुरंत जांच करवाएं और विशेषज्ञ से परामर्श लें, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे विशेष दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम हैं। सही जानकारी और समय पर कदम उठाकर हीमोफीलिया जैसी बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### फतेहाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए 6 राइडर तैनात, एसपी ने किया रवाना



**फतेहाबाद।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष पहल करते हुए 6 ट्रैफिक राइडर तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने इन राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, ताकि शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। थाना ट्रैफिक फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि इन राइडर्स को शहर के अलग-अलग जोन में तैनात किया गया है, जहां वे ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने, जाम की स्थिति से निपटने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। प्रत्येक राइडर को निर्धारित क्षेत्र में लगातार गश्त करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जोन-1 में लाल बत्ती चौक, फव्वारा चौक, चार मरला कॉलोनी मेन रोड, थाना रोड व जवाहर चौक क्षेत्र को कवर किया जाएगा। जोन-2 में लाल बत्ती चौक, हंस मार्केट, पुराना बस अड्डा, अनाज मंडी मेन गेट सिरसा रोड तथा शिवालय मार्केट तक निगरानी रखी जाएगी। जोन-3 में लाल बत्ती चौक, बीघड़ चौक, शिव चौक, देवी लाल मार्केट, पंचायत भवन, भुना मोड़ व लघु सचिवालय क्षेत्र शामिल किए गए हैं। इसी प्रकार जोन-4 में पपीहा पार्क, सिरसा रोड, एमएम कॉलेज रोड, रतिया चुंगी व हांसपुर बाईपास चौक, जोन-5 में जवाहर चौक, डीएसपी रोड सहित अन्य जगह पर गश्त लगाएंगे।


**सिरसा।** छात्राओं को सम्मानित करते डीसी शांतनु शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छात्राओं ने लहराया परचम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगी प्रतिभा

**सिरसा।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित जीआईटीएएम विश्वविद्यालय में 11 व 12 अप्रैल को आयोजित कोडेवर 7.0 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा की छात्राओं प्राची व हर्षिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर वीरवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने अपने कार्यालय में दोनों छात्राओं को सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी, उप जिला शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा, समग्र शिक्षा के जिला परियोजना समन्वयक कृष्ण वर्मा, विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार व वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल भाटिया सहित अन्य अधिकारियों व शिक्षकों ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने स्टेम प्रशिक्षक पवन कुमार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया। हरियाणा से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए केवल

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

# किसानों और आढ़तियों को परेशान कर रही सरकार : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार नए-नए नियम बनाकर किसान व सरकारी मंडियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार ने अनाज खरीद के लिए बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर की नंबर प्लेट, तीन गारंटी का नियम बनाकर किसान व आढ़तियों को परेशान किया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान 16 दिनों से नहीं हो रहा है। सरकार किसान व आढ़तियों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है लेकिन सरकार का पोर्टल चलता तक नहीं है। बजरंग दास गर्ग गुरूवार को फतेहाबाद के अग्रवाल भवन में व्यापारियों की मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्यों का भी जायजा लिया।


**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में मंडी व खरीद केंद्र पर लगभग 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं आ चुकी है मगर उठान सिर्फ 11 लाख मीट्रिक टन का ही हुआ है। आज हरियाणा की अनाज मंडियां व खरीद केंद्र के अंदर व बाहर ट्रैक्टर की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का किसान, आढ़ती व मजदूर बेहद दुखी है।

### पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाकर पैसे न देने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद की थाना सदर पुलिस ने करीब पखवाड़े भर पहले एक पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए फरार होने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान होशियार सिंह, निवासी गांव सिंथला, भूना के रूप में हुई है। घटना 31 मार्च की है। शिकायतकर्ता मनोज कुमार पुत्र बलराज सिहाग निवासी गांव जांडवाला सोत्तर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि गांव दौलतपुर स्थित अपने पेट्रोल पंप पर काम करवा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति सफेद रंग की कार में सवार होकर उनके पंप पर आया था। आरोपी ने न



केवल अपनी गाड़ी की टंकी फुल करवाई, बल्कि अतिरिक्त डीजल भी साथ ले लिया। कुल 5800 रुपये का बिल बनने के बाद, आरोपी ने भुगतान करने के बजाय चतुराई से मौके से गाड़ी दौड़ानी शुरू कर दी और फरार हो गया था।

**पदयात्रा** | नारी शक्ति वंदन पदयात्रा को पूर्व सांसद ने दिखाई झंडी

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देगा महिला सशक्तिकरण को मजबूती: सुनीता दुग्गल

- अधिनियम को लेकर केंद्र सरकार का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के भगत सिंह स्टेडियम में वीरवार को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा स्टेडियम से लेकर राजकीय नेशनल कॉलेज तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया,



**सिरसा।** नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में भाग लेती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

जिसमें उपस्थित सभी ने अपने हस्ताक्षर कर इस अधिनियम का समर्थन किया। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि यह नारी शक्ति वंदन पदयात्रा सिर्फ एक पदयात्रा नहीं है बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि जहां भी महिला शक्ति ने नेतृत्व किया है, वहां पर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के पारित होने से महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा, तो महिलाएं मजबूती से अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगी और अपने क्षेत्र को विकास की नई राह दिखाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 जैसा ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद किया जिनके नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक डॉ. दर्शना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, पूर्व जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर, संरक्षण अधिकारी डॉ. अंजना डूडी, पार्षद सुमन शर्मा, बिमला सिंवर सहित काफी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही।